# ऑपरेशन महिला सुरक्षा

## चर्चा में क्यों?

**ऑपरेशन महिला सुरक्षा** के अंतर्गत, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 7000 ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो अनधिकृत तरीके से महिलाओं के लिये आरक्षित डिब्बों में यात्रा कर रहे थे।

- इस दौरान RPF ने [ऑपरेशन आहट (AAHT)](#) के तहत लड़कियों/महिलाओं को मानव तस्करी का शिकार होने से भी बचाया।

## ऑपरेशन महिला सुरक्षा के बारे में

- **परिचय:**
  - महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये 3 से 31 मई, 2022 तक **अखिल भारतीय अभियान "ऑपरेशन महिला सुरक्षा"** आयोजित किया गया था।
- **इस तरह के अन्य अभियान:**
  - ट्रेनों से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को उनकी पूरी यात्रा के दौरान बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक अखिल भारतीय पहल **"मेरी सहेली"** भी आयोजित किया जा रहा है।
    - भारतीय रेलवे ने सभी क्षेत्रों में **महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिये "मेरी सहेली"** पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य ट्रेनों से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक की पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रदान करना है

## रेलवे सुरक्षा बल (RPF)

- RPF **एक** केंद्रीय सशस्त्र बल है। जो **भारतीय रेल, रेल मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है।
  - RPF की उत्पत्ति वर्ष 1882 में हुई जब विभिन्न रेलवे कंपनियों ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिये अपने स्वयं के गार्ड नियुक्त किये थे।
- **वर्ष 1957 में संसद के एक अधिनियम द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को एक वैधानिक बल** के रूप में मान्यता दी गई, जिसे बाद में वर्ष 1985 में भारत संघ के सशस्त्र बल के रूप में घोषित किया गया।
- **RPF नियम 1959 में बनाए गए** थे और RPF विनियम 1966 में प्रकाशित हुए थे। उसी वर्ष **रेलवे संपत्ति (गैर-कानूनी कब्ज़ा) अधिनियम, 1966** को लागू करके रेलवे संपत्ति मामले में शामिल अपराधियों को पकड़ने और उन पर मुकदमा चलाने की कुछ सीमित शक्तियाँ इस बल को प्रदान की गईं।
- आरंभ में, RPF को मुख्य रूप से रेलवे संपत्ति की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी सौंपी गई लेकिन जहाँ एक ओर प्रभावी और अनुशासित बल के रख-रखाव के लिये RPF अधिनियम के प्रावधानों को अभावग्रस्त पाया गया, वहीं RPF नियम और विनियम भी न्यायिक रूप से अनुचित पाए गए।
  - तद्नुसार, संघ के सशस्त्र बल के रूप में इस बल के गठन और रख-रखाव हेतु आरपीएफ अधिनियम, 1957 को वर्ष 1985 में संसद द्वारा संशोधित किया गया था।

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-mahila-suraksha